an>

Title: Need to provide Railway facilities in Bellary district in Karnataka.

श्रीमती जे. शांता (बेल्लारी): सभापति महोदय, मैं सरकार का ध्यान कर्नाटक के बेल्लारी क्षेत्र के रेलयात्रियों की समस्याओं की ओर दिलाना चाहती हूं। बेल्लारी में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है और यह भारत के स्टील सिटी के रूप में उभर रहा है। लेकिन उस हिसाब से वहां रेलवे सुविधाएं नहीं है।

गुंटाकल से हॉसपेट जाने के लिए बेल्लारी स्टेशन पर 4 बजे से 11.15 के बीच तथा 2 बजे से 9 बजे के बीज कोई ट्रेन नहीं है। उन दो स्टेशनों के बीच तत्काल पुश एंड पुल ट्रेन सर्विस शुरू किए जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा वर्तमान में चलने वाली कुछ ट्रेन सेवाओं का भी तत्काल विस्तार किए जाने की आवश्यकता है।

इसमें बीजापुर से मुंबई के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 1329/1330 को बढ़ाकर बेल्लारी अथवा गुंटाकल तक करना।

काचीगुडा से गुंटाकल के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 525/526 को बढ़ाकर हॉसपेट तक करना।

रायदुर्ग-बेल्लारी के रास्ते चलने वाली हॉसपेट-बेंगलुरू ट्रेन संख्या 583/584 को आरसीकेरे रेलवे स्टेशन तक धारवाड़-मैसूर ट्रेन संख्या 7301/7302 से जोड़ना, ताकि सीधे मैसूर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिल सके।

वर्तमान बसावा एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 7307 के मार्ग में परिवर्तन कर इसे गडाग, बेल्लारी, रायदुर्ग, चाल्लेकेरे, अरसीकेरे होकर चलाया जाना।

मेरा केन्द्र सरकार तथा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि बेल्लारी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुये इन मांगों को शीघ्र पूरा करने की कृपा करें। इससे न केवल लोगों की समस्याओं का समाधान होगा बल्कि क्षेत्र के तेजी से विकास में भी सहयोग मिलेगा।